लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम The Tribune
दिनांक 18.3.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 7-8

# VARSITY TO PROMOTE 'BETI BACHAO...'

**Hisar:** An academic council meet was held at the CCS Haryana Agricultural University in the presence of Vice Chancellor KP Singh. During the discussion, the authorities recommended the promotion of the 'Beti Bachao Beti Padhao' campaign of the Government of India. The university also announced a policy for reservation of seats for single girl child. In addition to the policy, three new colleges will come under the ambit of the university campus which will be fully functional by the end of the year. With this, the university will have a total of nine running colleges, including two outstations colleges. The admission process will start this year.

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम The Tribune
दिनांक 18.3.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7-8

## KRISHI MELA POSTPONED

**Hisar:** The Chaudhary Charan Singh Haryana Agriculture University has postponed the Krishi Mela for kharif crops, which was to be held on March 22 and 23 on the university campus. Vice Chancellor KP Singh said they had taken the decision in view of an advisory from the Centre and further schedule of the Krishi Mela would be issued later.

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक जागरण....
दिनांक 18.3.2020 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 6-8

# एचएयू में वानिकी के अनुसंधान फार्म पर संपर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म पर संपर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. सिंह ने वानिकी के फार्म पर एक एकड़ में कदम्ब के पौधे का पौधारोपण करके शुभारम्भ किया और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया।



हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो . केपी सिंह अनुसंधान फार्म पर संपर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन करते हुए ● विज्ञप्ति

इससे प्रेरित होकर सभी अधिकारीगण ने भी कदम्ब का एक-एक पौधा लगाकर वानिकी विभाग के इस हवन रूपी पवित्र कार्य में आहुति का कार्य किया। प्रो. सिंह ने वानिकी अनुसंधान फार्म पर वानिकी विभाग द्वारा स्थापित सभी कृषि वानिकी के पोपलर, सफेदा, नीम, खेजड़ी, बकायन, टीक एवं विलो ड्रेगन फ्रूट आधारित विभिन्न कृषि वानिकी प्रणाली का भ्रमण किया। इसके अन्तर्गत ली जाने वाली कृषि रबी फसलें गेहूं, जौ, सरसों, बरसीम आदि मुख्य फसलें है। इस दौरान विभागाध्यक्ष वानिकी डॉ. आरएस ढिल्लों ने बताया कि इस फार्म पर वानिकी की 80 एकड़ जमीन है। उन्होंने कृषि वानिकी का किसानों के उत्थान में योगदान की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सभी कृषि वानिकी आधारित प्रणाली वातावरण की शुद्धता मे सहयोग देते है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, कुलसचिव, डॉ. बीआर कम्बोज, निदेशक अनुसंधान एवं डीन कृषि महाविद्यालय डॉ. एसके सहरावत व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....... अमर उजाला .......
दिनांक 18 : 3 : 2020 ....... पृष्ठ सं....... 6 ....... कॉलम ...... 3:5 .....

# अनुसंधान फार्म के प्रवेश द्वार का उद्घाटन

**अमर उजाला ब्यूरो**



अनुसंधान फार्म के संपर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म पर संपर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह ने किया। कुलपति प्रो. सिंह ने वानिकी के फार्म पर एक एकड़ में कदंब के पौधे का पौधारोपण करके लगाकर शुभारंभ किया और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। अधिकारियों ने भी कदंब का एक-एक पौधा लगाया।

प्रो. सिंह ने वानिकी अनुसंधान फार्म पर वानिकी विभाग की ओर से स्थापित सभी कृषि वानिकी के पोपलर, सफेदा, नीम, खेजड़ी, बकायन, टीक एवं विलो ड्रेगन फ्रूट आधारित विभिन्न कृषि वानिकी प्रणाली का भ्रमण किया। विभागाध्यक्ष वानिकी, डॉ. आरएस ढिल्लों ने बताया कि इस फार्म पर वानिकी की 80 एकड़ जमीन है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, निदेशक अनुसंधान एवं डीन कृषि महाविद्यालय डॉ. एस.के. सहरावत, कुलसचिव, डॉ. बीआर कम्बोज, समस्त डीन एवं डारेक्टर, विश्वविद्यालय के सम्पदा कार्यालय के ई. भूपेन्द्र सिंह, अधिशांसी अभियन्ता इन्जीनियर एसपी सिंह, कार्यकारी अभियंता इंजीनियर पीके जुनेजा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में वैज्ञानिक ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

## कदंब का पौधा लगाकर पौधे लगाने का किया आह्वान

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ पंजाब केसरी ........
दिनांक 18 . 3 . 2020 पृष्ठ सं. 4 कॉलम 7.8



कुलपति प्रो. के.पी. सिंह अनुसंधान फार्म पर सम्पर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन करते हुए।

# हकृवि कुलपति ने कृषि वानिकी प्रणाली का निरीक्षण किया

हिसार, 17 मार्च (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म पर सम्पर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. सिंह ने वानिकी के फार्म पर एक एकड़ में कदम्ब के पौधे का पौधारोपण करके शुभारम्भ किया और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया।

प्रो. सिंह ने वानिकी अनुसंधान फार्म पर वानिकी विभाग द्वारा स्थापित सभी कृषि वानिकी के पोपलर, सफेदा, नीम, खेजड़ी, बकायन, टीक एवं विलो ड्रेगन फ्रूट आधारित विभिन्न कृषि वानिकी प्रणाली का निरीक्षण किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओ.एस.डी. डा. एम.के. गर्ग, निदेशक अनुसंधान एवं डीन कृषि महाविद्यालय डा. एस.के. सहरावत, कुलसचिव, डा. बी.आर. कम्बोज, समस्त डीन एवं डायरैक्टर, विश्वविद्यालय के सम्पदा कार्यालय के ई. भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........हरि. भूमि........

दिनांक....18.3.2020.... पृष्ठ सं.....11..... कॉलम.....5-8.....

# संपर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का किया उद्‌घाटन

- कुलपति प्रो. केपी सिंह ने वानिकी के फार्म पर एक एकड़ में कदंब के पौधे का पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

हकृवि के वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म पर संपर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्‌घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने वानिकी के फार्म पर एक एकड़ में कदंब के पौधे का पौधारोपण करके शुभारंभ किया और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। प्रो. सिंह ने वानिकी अनुसंधान फार्म पर वानिकी विभाग द्वारा स्थापित सभी कृषि वानिकी के पोपलर, सफेदा, नीम, खेजड़ी, बकायन, टीक एवं विलो ड्रेगन फ्रूट आधारित विभिन्न कृषि वानिकी प्रणाली का भ्रमण किया। इसके अन्तर्गत ली जाने वाली कृषि रबी फसलें गेहूं, जौ, सरसों, बरसीम आदि मुख्य फसलें है। प्रो. केपी सिंह ने वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म के भ्रमण के पश्चात इस फार्म पर विकसित कृषि वानिकी आधारित प्रणाली, विभिन्न प्रकार के बहुउपयोगी पौधों को ज्यांदा से ज्यादा किए गए पौधारोपण की प्रशंसा की। विभागाध्यक्ष वानिकी, डॉ. आरएस ढिल्लो ने बताया कि इस फार्म पर वानिकी की 80 एकड़ जमीन है। उन्होंने कृषि वानिकी का किसानों के उत्थान में योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि सभी कृषि वानिकी आधारित प्रणाली वातावरण की शुद्धता मे सहयोग देते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, निदेशक अनुसंधान एवं डीन कृषि महाविद्यालय डॉ. एसके सहरावत, कुलसचिव, डॉ. बीआर कंबोज, समस्त डीन एवं डारेक्टर, विश्वविद्यालय के सम्पदा कार्यलय के ई. भूपेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



हिसार। अनुसंधान फार्म पर सम्पर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्‌घाटन करते कुलपति प्रो. केपी सिंह। फोटो: हरिभूमि

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....दैनिक भास्कर....
दिनांक 18 : 3 : 2020 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 4-5

# किसान खेती में अपनाएं वानिकी आधारित प्रणाली, आमदनी बढ़ेगी : प्रो. केपी सिंह



भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म पर सम्पर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन एचएयू के कुलपति प्रो. केपी सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान कुलपति प्रो. सिंह ने वानिकी के फार्म पर एक एकड़ में कदम्ब के पौधे का पौधारोपण किया। प्रो. सिंह ने वानिकी अनुसंधान फार्म पर वानिकी विभाग द्वारा स्थापित सभी कृषि वानिकी के पोपलर, सफेदा, नीम, खेजड़ी, बकायन, टीक एवं विलो ड्रेगन फ्रूट आधारित विभिन्न कृषि वानिकी प्रणाली का भ्रमण किया। इसमें ली जाने वाली रबी की फसलों में गेहूं, जौ, सरसों, बरसीम मुख्य फसलें हैं।

उन्होंने बताया कि आज के युग में प्रदूषण को कम करने व ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने के लिए किसानों को अपने खेतों में वानिकी आधारित प्रणालियों को विकसित करना चाहिए। जिससे किसान भी आत्मनिर्भर हो कर अपनी आमदनी में वृद्धि कर सकता है। विभागाध्यक्ष वानिकी, डॉ. आरएस ढिल्लों ने बताया कि इस फार्म पर वानिकी की 80 एकड़ जमीन है। इस अवसर पर विवि के ओएसडी डॉ. एमके गर्ग, निदेशक अनुसंधान एवं डीन कृषि महाविद्यालय डॉ. एसके सहरावत, कुलसचिव, डॉ. बीआर कम्बोज, समस्त डीन एवं डारेक्टर, विवि के सम्पदा कार्यालय के ई. भूपेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता इन्जीनियर एसपी सिंह, कार्यकारी अभियंता इंजीनियर पी.के. जुनेजा एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में वानिकी विभाग के समस्त वैज्ञानिकों ने भी हिस्सा लिया।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........सिटी पल्स........
दिनांक 18.3.2020 .... पृष्ठ सं. 3 .... कॉलम 3-7

# हकृवि में हुआ वानिकी के अनुसंधान फार्म पर सम्पर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन

## इस फार्म पर वानिकी की 80 एकड़ जमीन है

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म पर सम्पर्क मार्ग एवं प्रवेश द्वार का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह द्वारा किया गया। कुलपति प्रो. सिंह ने वानिकी के फार्म पर एक एकड़ में कदम्ब के पौधे का पौधारोपण करके शुभारम्भ किया और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने का आह्वान किया। इससे प्रेरित होकर सभी अधिकारीगण ने भी कदम्ब का एक-एक



पौधा लगाकर वानिकी विभाग के इस हवन रूपी पवित्र कार्य में आहुति का कार्य किया। प्रो. सिंह ने वानिकी अनुसंधान फार्म पर वानिकी विभाग द्वारा स्थापित सभी कृषि वानिकी के पोपलर, सफेदा, नीम, खेजड़ी, बकायन, टीक एवं मिली ड्रेगा परूट आधारित विभिन्न कृषि वानिकी प्रणाली का भ्रमण किया। इसके अन्तर्गत ली जाने वाली कृषि रबी फसलें गेहूँ, जौ, सरसों, बरसीम आदि मुख्य फसलें है। प्रो. सिंह ने वानिकी विभाग के अनुसंधान फार्म के भ्रमण के पश्चात अपने सम्बोधन में इस फार्म पर विकसित की गई कृषि वानिकी आधारित प्रणाली, विभिन्न प्रकार के बहुउपयोगी पौधों को ज्यादा से ज्यादा किये गये पौधारोपण की प्रशंसा की। विभागाध्यक्ष वानिकी, डॉ. आर.एस. ढिल्लों ने बताया कि इस फार्म पर वानिकी की 80 एकड़ जमीन है। उन्होंने कृषि वानिकी का किसानों के उत्थान में योगदान की विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सभी कृषि वानिकी आधारित प्रणाली वातावरण की शुद्धता में सहयोग देते है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के ओएसडी डा. एम.के. गर्ग, निदेशक अनुसंधान एवं डीन कृषि महाविद्यालय डॉ. एस.के. सहरावत, कुलसचिव, डॉ. बी.आर. कम्बोज, समस्त डीन एवं डायरेक्टर, विश्वविद्यालय के सम्पदा कार्यालय के ई. भूपेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता इन्जीनियर एस.पी. सिंह, कार्यकारी अभियन्ता इन्जीनियर पी.के. जुनेजा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम....अमर उजाला....
दिनांक....18.3.2020.... पृष्ठ सं....6.... कॉलम....2:3....

# कोरोना वायरस के कारण हरियाणा कृषि विवि का कृषि मेला अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक टला

**हिसार।** कोरोना वायरस को लेकर सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के मद्देनजर हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में लगने वाले कृषि मेले (खरीफ) को अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक टाल दिया गया है। पहले यह मेला 22 व 23 मार्च को लगना था। कुलपति प्रो. केपी सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में उच्च अधिकारियों ने चर्चा करके यह निर्णय लिया गया। प्रो. सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस के चलते कृषि मेले को स्थगित किया गया है। हालांकि विश्वविद्यालय द्वारा तैयार खरीफ फसलों के बीज किसानों को सही समय पर उपलब्ध करवाए जाएंगे। निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. आरएस हुड्डा ने बताया कि मैला विश्वविद्यालय में स्थापित दीनदयाल उपाध्याय जैविक खेती उत्कृष्टता केंद्र में लगाया जाएगा। मेला अधिकारी डॉ. कृष्ण यादव ने बताया कि कृषि मेले के लिए अभी तक 100 से अधिक कृषि क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों की ओर से स्टाल बुक करवाई जा चुकी हैं। यह बुकिंग जारी रहेगी। ब्यूरो

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम पंजाब केसरी, दैनिक जागरण
दिनांक 18. 3. 2020 पृष्ठ सं. 1, 11 कॉलम 1, 8

## कोरोना वायरस के चलते हकृवि के कृषि मेला में होगा विलंब

हिसार, 17 मार्च (ब्यूरो): भारत सरकार द्वारा जारी की गई एडवाइजरी को मद्देनजर रखते हुए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले कृषि मेला (खरीफ)-2020 में विलंब होगा। 22-23 मार्च को आयोजित किये जाने वाला यह मेला अब अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक टाल दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय उच्च अधिकारियों की मंत्रणा में यह निर्णय लिया गया।

## अप्रैल के प्रथम सप्ताह में हो सकता है कृषि मेला

हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले कृषि मेला में विलंब होगा। 22 व 23 मार्च को आयोजित किया जाने वाला यह मेला अब अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक टाल दिया है। कुलपति प्रो. केपी सिंह ने कहा कि कोरोना वायरस के कारण यह निर्णय लिया है। यदि कोरोना वायरस का प्रकोप कम हुआ तो कृषि मेला अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम: सिटी पल्स

दिनांक: 18.3.2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 1-2

## करोना वायरस के चलते, हकृवि के कृषि मेला (खरीफ)-2020 में होगा विलंब

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। भारत सरकार द्वारा जारी की गई एडवाईजरी को मध्य नजर रखते हुए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित किए जाने वाले कृषि मेला (खरीफ)-2020 में होगा विलंब। 22-23 मार्च, 2020 को आयोजित किए जाने वाला यह मेला अब अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक टाल दिया गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कम्बोज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित विश्वविद्यालय उच्च अधिकारियों की मंत्रणा में यह निर्णय लिया गया। प्रो. सिंह ने कहा कि क्रोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए विश्वविद्यालय भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार द्वारा दिए जा रहे दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। हालांकि किसानो को खरीफ फसलों के बीज (विश्वविद्यालय द्वारा तैयार) सही समय पर उपलब्ध करवाए जायेंगे। किसान यह बीज फार्म निदेशालय, रामधन सिंह बीज फार्म, किसान सेवा केन्द्र एवं सभी जिलों में विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित कृषि विज्ञान केन्द्रों से खरीद सकते हैं।निदेशक विस्तार शिक्षा डॉ. आर. एस. हुड्डा ने बताया कि यदि क्रोना वायरस का प्रकोप कम हुआ तो कृषि मेला (खरीफ) पूर्ण रूप से अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जा सकता है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक ट्रिब्यून
दिनांक 17.3.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 1-4

**हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने उठाया कदम**

# सिंगल गर्ल चाइल्ड को दाखिले में आरक्षण

नरेन्द्र ख्यालिया/निस
हिसार, 16 मार्च

सिंगल गर्ल चाइल्ड परिवारों को सुविधा देते हुए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सराहनीय कदम उठाकर एक नयी पहल की है। इसके तहत अब एचएयू में दाखिला लेने के लिए सिंगल गर्ल चाइल्ड को आरक्षण की सुविधा दी जाएगी। इसे आगामी शिक्षा सत्र से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके साथ ही सिंगल गर्ल चाइल्ड को प्रवेश में आरक्षण देने वाला एचएयू प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। यह निर्णय चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अकादमिक काउंसिल की बैठक में लिया गया। इसके अतिरिक्त अन्य कई महत्वपूर्ण फैसले भी अकादमिक काउंसिल की बैठक में लिये गए है। इस फैसले के अनुसार, जिन परिवारों के पास एक ही बेटी है, उन बेटियों का दाखिला विश्वविद्यालय में आसानी से हो जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भारत और हरियाणा सरकार की योजना 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के लिए यह कदम उठाया है। विश्वविद्यालय कैंपस के अंतर्गत 3 और नये कॉलेजों का इस वर्ष के अंत तक पूरी तरह से विस्तार कर दिया जाएगा और अब विश्वविद्यालय के अंतर्गत 9 कॉलेज होंगे, जिनमें से दो कॉलेज कौल और बावल में स्थित हैं।

विश्वविद्यालय प्रशासन तीनों नये कॉलेजों में दाखिला प्रक्रिया इसी वर्ष शुरू करेगा। इन कॉलेजों में विश्वविद्यालय का कॉलेज ऑफ फिशरीज, कॉलेज ऑफ बायोटेक्रोलॉजी और गुरूग्राम में बन रहा इंस्टीट्यूट ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट एंड एंटरप्रन्योर शामिल हैं। यहां बताना होगा कि कॉलेज ऑफ फिशरीज में एमएससी और पीएचडी में दाखिले पिछले वर्ष ही शुरू कर दिए गए थे।

इन नए कॉलेजों में चलने वाले बीएससी, एमएससी, पीएचडी सहित सभी कोर्सों के लिए कोर्स स्ट्रक्चर व सीटें फाइनल कर दी गई हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण गुरुग्राम में खुलने वाला एग्री बिजनेस मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के निर्माण की प्रक्रियाओं को शुरू कर दिया गया है। ऐसे में जब तक निर्माण पूरा नहीं होगा तब तक इस इंस्टीट्यूट से जुड़े कोर्सों की कक्षाएं हिसार कैंपस से ही संचालित की जाएंगी।

**बेटियों पर हो गर्व**



हकृवि प्रो. केपी सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा बेटियों को आगे लाने के लिए चलाए गए अभियान 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के अंतर्गत लिया गया है, जिससे इससे सिंगल गर्ल चाइल्ड परिवारों को अपनी बेटियों की पढ़ाई के लिए भटना न पड़े और उन्हें बेटियों पर गर्व हो। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय द्वारा नये कोर्स और नये कॉलेज सत्र से खोलने का निर्णय भी लिया गया है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........ अमर उजाला ........
दिनांक 18.3.2020 पृष्ठ सं. 5 कॉलम 1-2

## 19 तक मौसम रहेगा खुश्क, तापमान भी बढ़ेगा

**हिसार।** जिले का मौसम 19 मार्च तक खुश्क रहेगा। इस दौरान दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। उधर, लगातार दूसरे दिन न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 19 मार्च तक मौसम खुश्क रहेगा। दिन के तापमान में बढ़ोतरी होगी। वहीं उत्तर व उत्तर-पश्चिमी हवाओं के चलने की संभावना से रात तापमान में गिरावट आएगी। मंगलवार सुबह से मौसम एकदम साफ था। सुबह ही सूर्य देवता ने दर्शन दे दिए। कुछ ही देर बाद तेज धूप भी निकल आई। तेज धूप के कारण दोपहर को गर्मी का अहसास भी हुआ। हालांकि दिन ढलने के बाद मौसम थोड़ा ठंडा हो गया। इस दौरान अधिकतम तापमान 27.0 व न्यूनतम तापमान 15.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले सोमवार को अधिकतम तापमान 25.8 व न्यूनतम तापमान 12.0, रविवार को अधिकतम तापमान 22.8 और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस था।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम The Times of India
दिनांक 17.3.2020 पृष्ठ सं. 3 कॉलम 7,8

# Agri university to reserve seats for single girl child

**Hisar:** Chaudhary Charan Singh Haryana Agricultural University (CCSHAU), Hisar has announced a policy for reservation of seats for the single girl child. The HAU academic council passed the resolution for promotion of the government's "Beti Bachao Beti Padhao" campaign. Three new colleges will be started by the year-end include College of Fisheries, College of Biotechnology and Institute of Agri Business management and Agripreneurship (based in Gurgaon). TNN

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक भास्कर........
दिनांक 17. 3. 2020 पृष्ठ सं. 2 कॉलम 2-5

एचएयू की पहल • एकेडेमिक काउंसिल की बैठक में पॉलिसी पर लगाई मुहर, 3 कॉलेज भी होंगे शुरू

# सिंगल गर्ल चाइल्ड को एडमिशन में प्राथमिकता देगी एचएयू, पीजी, यूजी और पीएचडी में मिलेगा आरक्षण

भास्कर न्यूज़ | हिसार

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की मुहिम को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अब एचएयू पीजी, यूजी और पीएचडी में सिंगल गर्ल्स चाइल्ड को एडमिशन में प्राथमिकता देगा। अकादमिक काउंसिल की बैठक में सिंगल गर्ल्स चाइल्ड को विभिन्न कॉलेजों में प्राथमिकता से एडमिशन देने पर मुहर लगाई गई। इसके अलावा एचएयू के तीन कॉलेजों में जल्द ही एडमिशन शुरू कर दिए जाएंगे।

सोमवार को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में अकादमिक काउंसिल की बैठक एचएयू के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सिंगल गर्ल चाइल्ड के लिए आरक्षण की पॉलिसी पर मुहर लगाई गई। यानि जिनकी एक ही बेटी है, उन बेटियों का दाखिला विश्वविद्यालय में आसानी से हो जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भारत और हरियाणा सरकार की योजना 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आरक्षण पॉलिसी शुरू की है।

विश्वविद्यालय प्रशासन तीनों नए कॉलेज कॉलेज ऑफ फिशरीज, कॉलेज ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और गुरुग्राम में बन रहा इंस्टीट्यूट ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट एंड एग्रीप्रीनॉरशिप को इसी वर्ष के अंत तक शुरू करने जा रहा है। कॉलेज ऑफ फिशरीज में एमएससी और पीएचडी में दाखिले पिछले वर्ष ही शुरू कर दिए गए थे। इन नए कॉलेजों में चलने वाले बीएससी, एमएससी, पीएचडी सहित सभी कोर्सों के लिए कोर्स स्ट्रक्चर व सीटें आदि फाइनल कर दी गई हैं। इसमें सबसे महत्वपूर्ण गुरुग्राम में खुलने वाला एग्री बिजनेस मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के निर्माण की प्रक्रियाओं को शुरू कर दिया गया है। जब तक निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जाता है तब तक गुरुग्राम के इंस्टीट्यूट से जुड़े कोर्स की कक्षाएं हिसार कैंपस में ही संचालित होंगी।

## हर कोर्स में 10 से अधिक सीट की जा सकती हैं आरक्षित

एचएयू के पदाधिकारियों के अनुसार सिंगल गर्ल्स चाइल्ड के लिए आरक्षण पॉलिसी के तहत हर कोर्स में दस से अधिक सीटें आरक्षित की जा सकती हैं। हालांकि इस पर अभी विचार-विमर्श किया जाना है। सीट अभी निर्धारित नहीं की गई है।

*बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ही संगल गर्ल्स चाइल्ड को एडमिशन में प्राथमिकता देने का निर्णय लिया गया है। जल्द ही तीनों कालेज में भी एडमिशन शुरू कर दिए जाएंगे। छात्र एवं छात्राओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी जाएगी।*
**डॉ. केपी सिंह,** कुलपति, एचएयू, हिसार।